MR. CHAIMAN: Is it the consensus of the House?

SOME HON. MEMBERS: Yes, yes.

MR. CHAIRMAN: So it is accepted.

16.15 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS, 1976-77—*Contd.*

MINSTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE AND THE DEPARTMENT OF CULTURE—*Contd.*

श्री सुधाकर पांडेय (चन्डौली): सभापति महोदय, शिक्षा मंत्रालय के अनुदान की मांगों का मैं समर्थन करता हूं। विगत कुछ महीनों में कई विश्वविद्यालयों में मुझे जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और मैंने वहां की परिवर्तित परिस्थिति देखी है। लगता है कि श्मशान में बसंत आ गया है। सर्वत्र शिक्षा के क्षेत्र में छात्र पढ़ने में लगे हुए हैं और अध्यापक पढ़ाने में लगे हुए हैं। जो पुलिस के लोग हैं वे भी शांति का अनुभव कर रहे हैं और इससे ऐसा लगता है कि इंदिरा जी ने जो कदम उठाया था वह सफल सिद्ध हुआ और उसके माध्यम से, जसा विरोध पक्ष के लोग भी चाहते थे कि शिक्षा की व्यवस्था में परिवर्द्धन होना चाहिए, वह श्रीमय होनी चाहिए, उसका मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं।

शिक्षा मंत्रालय के कार्यों के संबंध में बराबर विचार विनिमय होता रहता है। शिक्षा एक राष्ट्रीय विषय है। लेकिन हमारे देश का यह दुर्भाग्य है कि उसे स्टेट-सबजेक्ट बना दिया गया है। बार-बार इस पर चिन्तन और विचार विनिमय होता रहता है और इस चिन्तन और विचार विनिमय का जो परिणाम होता है, जब शिक्षा मंत्री अपने राज्य में पहुंचते हैं तो उसका कार्यान्वयन नहीं होता। इसका यह परिणाम है कि अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की शिक्षा व्यवस्था चलती रहती है। कोई राज्य किसी विषय में आगे हो जाता है तो कोई राज्य किसी विषय में पीछे हो जाता है। जब देश के सारे शिक्षा-शास्त्री विचार-विनिमय के उपरान्त यह चाहते हैं कि शिक्षा को केन्द्र का समवर्ती विषय बना दिया जाये तो इसको बनाने में कौन सी बाधा है—मैं चाहता हूं प्रोफेसर साहब जब उत्तर दें तो इसको बताने की कृपा करें। (व्यवधान) इसका कार्यान्वयन होना चाहिए। कार्यान्वयन न होने से सचमुच बड़ी हानि हो रही है। यह अवश्य होना चाहिए नहीं तो निश्चित रूप से जो स्थिति वांछित है वह उत्पन्न नहीं हो पायेगी।

अभी कुछ दिनों पहले तक शिक्षा संस्थाओं को साम्प्रदायिकता का अड्डा बना दिया गया था, शिक्षा संस्थाओं को भाषायी अखाड़ा बना दिया गया था, शिक्षा संस्थाओं को राजनीति का अड्डा बना दिया गया था। अब स्थिति सामान्य है किन्तु हमें यह देखकर आश्चर्य होता है कि सी०पी०आई० के श्री चन्द्रप्पन साहब, जिन्होंने कटौती का प्रस्ताव रखा है, चाहते हैं कि यूनियन की राजनीति विश्वविद्यालयों में लौटे। जो काम वहां पर आर०एस०एस० कर रही थी वही काम हमारे मित्र वहां पर करना चाहते हैं। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि एक तरफ तो आप कहते हैं कि जब चुनाव हुआ दिल्ली में, बनारस में या अन्यत्र, आर०एस०एस० के लोग आये वह ठीक नहीं, आपने कहा शिक्षा संस्थाओं में चुनाव की परिपाटी नहीं होनी चाहिए लेकिन जब आर०एस०एस० पर रोक लगाई गई तो आप वही प्रथा अपनाना चाहते हैं ताकि आप वहां पर स्वच्छन्द रूप से विचरण करें और दूसरे न करें—यह बात मेरी समझ में नहीं आती। शिक्षा के किस प्रतिमानीकरण की बात इसके माध्यम से की जाती है क्योंकि

[श्री सुधाकर पांडे]

एक राजनीतिक दल को न घुसने दिया जाये, दूसरे को विश्वविद्यालयों में घुसने दिया जाये, तीसरे को घुसने दिया जाये यह ठीक नहीं है—मैं अपने सभी मित्रों से आग्रह करूंगा कि शिक्षा के जो क्षेत्र हैं उन्हें शिक्षा के क्षेत्र ही रहने दें, वहां पर चरने, खाने और नोचने का कोई यत्न न करें। अगर यही करना है तो उसके लिए जनता काफी है। जनता के बीच में अपनी शक्ति की प्रतिष्ठा स्थापित करें और उसके माध्यम से सत्ता प्राप्त करें तो अधिक उत्तम होगा।

इसके साथ ही विश्वविद्यालयों के सम्बन्ध में मैं कहना चाहूंगा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अच्छा काम कर रहा है किन्तु बार-बार यह कहा जाता है कि राज्यों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग बनाये जाये, शिक्षा मंत्री उसके लिए सहमत भी हो जाते हैं परन्तु शायद ही कुछ राज्य होंगे जहां यह कार्य हुआ है, बाकी स्थानों पर यह कार्य नहीं हुआ है। इसका परिणाम यह होता हैं कि लोग शिकायत करते हैं कि अमुक विश्वविद्यालय को ज्यादा मिल गया, अमुक को कम मिला, अमुक का यह हुआ और अमुक को यह हुआ इसलिए मेरा आग्रह है कि राज्यों के भीतर भी अनुदान आयोग की भांति कोई संस्था बना देनी चाहिए। इसी प्रसंग में मुझे यह भी कहना है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कार्यों का मूल्यांकन करने के लिए एक कमेटी बनी थी, प्रोफेसर साहब उसकी प्रगति से भी हम लोगों को अवगत करायेंगे और बतायेंगे कि उसके कार्य की क्या प्रगति चल रही है।

तीसरी बात यह है कि शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषायें बनें, इस दिशा में भारत सरकार ने बहुत कुछ काम किया, राज्यों को करोड़ों रुपये ग्रंथ रचनार्थ दिये। विश्वविद्यालय के जो एक्सपर्ट लोग हैं, जो विशेषज्ञ हैं, उनके द्वारा पुस्तकें लिखी जाती हैं परन्तु उनके विश्वविद्यालय में ही पाठ्य ग्रंथ के रूप में, जिस पाठ्य ग्रंथ समिति के वे चेयरमैन है, उसमें वे नहीं रखी जाती हैं—यह विडम्बना है? जब कि उनके द्वारा लिखी किताबें दूसरे प्राइवेट पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित होने पर उसी विश्वविद्यालय में पाठ्य ग्रंथ के रूप में रख ली जाती हैं।

राजा राममोहन राय पुस्तकालय का काम बहुत अच्छा चल रहा है किन्तु वहां भेदभाव की नीति बरती जा रही है—इस ओर भी मैं शिक्षा मंत्री का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। वह भेदभाव की नीति यह है कि अंग्रेजी के साथ विशेष पक्षपात किया जाता है, उसकी पुस्तकों पर कम कमीशन लिया जाता है। इस व्यवस्था को ठीक करना चाहिए। कोई प्रकाशक यदि अपनी किताबें भेजना चाहे तो वह संकट में पड़ जायेगा क्योंकि जिन पुस्तकालयों को किताबें भेजते है उनसे उसको रसीद भी लेनी पड़ेगी और प्रायः पुस्तकालय रसीद नहीं देते हैं, रजिस्ट्री से भेजने के बाद भी रसीद स्कूल, कालेज या पुस्तकालय नहीं भेजते है इसलिये भुगतान नहीं होता। इस व्यवस्था में परिमार्जन और सुधार होना चाहिए और वही कमीशन की दर हिन्दी की पुस्तकों पर भी रहनी चाहिए, अन्य भारतीय भाषाओं की पुस्तकों पर भी रहनी चाहिए जोकि अंग्रेजी भाषा की पुस्तकों पर कमीशन की दरें हैं।

अभी मेरे मित्र कह रहे थे इस देश में शिक्षा का प्रसार कम है। मैं समझता हूं शिक्षा का प्रसार बहुत है किन्तु साक्षरता का प्रचार कम है। इस देश के लोग बहुत ही शिक्षित है—जो जानना चाहते हैं वह इसको जानते हैं। साक्षरता के प्रचार में रुपये की कमी आई है किन्तु केवल रुपये से साक्षरता का प्रचार नहीं होगा। रुपये दीजिए, अभी

आई है उसके लिए विरोध पक्ष भी उत्तरदायी है। विरोध पक्ष के लोगों ने काम में बाधा डाली है, किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया है। मैं कहता हूं जो रुपया उपलब्ध है राष्ट्र के निर्माण के लिए, उसमें से जो अंश शिक्षा को मिल रहा है उसका सही और उचित उपयोग हो तो पहले की अपेक्षा द्विगुणित गति से शिक्षा का, कम से कम विश्वविद्यालय तक की शिक्षा का विकास होगा। इसमें रेडियो और टेलीविजन का योगदान लिया जा रहा है। और मैं समझता हूं कि वह योगदान अधिक अच्छी तरह सफल हुआ है।

शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षा के लिये आधारभूत ग्रंथों के निर्माण की योजना बनाई है और इस योजना के अन्तर्गत कई विदेशी भाषाओं के शब्द-कोष के निर्माण का कार्य अपने हाथ में लिया है। यह एक अच्छा कार्य हो रहा है, इसमें तेजी आनी चाहिए ताकि जल्दी से जल्दी संसार की भाषाओं का कोष भारतीय भाषाओं में आ जाय और भारतीय भाषाओं का कोष संसार की भाषाओं में जाये ताकि हमारे देश की जनता का सम्पर्क सीधे उन देशों से हो सके। इसमें शिक्षा मंत्री महोदय विशेष इन्टरेस्ट ले रहे हैं।

अभी 10+2+3 के नये पैटर्न की बात कही गई है। मैं भी इसका समर्थक हूं, यह पहले ही लागू हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभी तक पूरी तरह से सर्वत्र लागू नहीं हुआ। मैं समझता हूं—यदि जुलाई तक सारे देश में यह लागू हो जाय तो इससे देश का कल्याण होगा और देश की शिक्षा पद्धति में एकरूपता उत्पन्न होगी।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारी शिक्षा का स्तर घटा है, उसे बढ़ाने का यत्न करना चाहिए। चाहे यूनीवर्सिटी हो, हायर सैकण्डरी स्कूल हो, इन्टरमीडिएट कालिज हो या कुछ भी हो—अगर शिक्षा का बोझ बढ़ता है तो कोई बात नहीं है, लेकिन वह फार्मूला लागू होना चाहिए और जल्दी से जल्दी लागू होना चाहिए। भाषा सम्बन्धी सरकार की जो नीति है उसके बारे में जनता में कई सम्भ्रम हैं। मैं चाहूंगा कि इस फार्मूले के सम्बन्ध में भारत सरकार की जो भावी नीति है, उसका विशदतापूर्वक स्पष्टीकरण किया जाय, विवेचन किया जाय ताकि किसी भी प्रकार का कोई भ्रम एक अच्छे कार्य के प्रति जनता में न फैलाया जा सके। मैं ऐसा मानता हूं कि हमारे मंत्री महोदय भारतीय भाषाओं के उतने ही प्रेमी हैं जितना कोई और हो सकता है। वह अंग्रेजी को लादना नहीं चाहते हैं, लेकिन भारतीय भाषाओं के साथ अंग्रेजी को भी रखना उनकी दृष्टि में अनिवार्य है ताकि देश की खिड़की विदेशी भाषाओं के लिये खुली रहे और वहां से ज्ञान का स्रोत सीधा आता रहे।

हमारे यहां कई एकादमियां हैं, तीन-चार हैं, वे कैसा काम करती हैं, इसके सम्बन्ध में मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं। उनके सम्बन्ध में रिपोर्ट है और उस रिपोर्ट के तेहत काम करने की बात शिक्षा मंत्रालय ने पहले कही थी। उसमें क्या प्रगति हुई है—हम लोग यह जानना चाहेंगे, उसके माध्यम से वह प्रगति कहां तक पहुंची है—आप हमें अपने उत्तर में बतलायें।

हमारी यूनिवर्सिटियों में जो उच्च शिक्षा की व्यवस्था है, उसमें नियुक्तियों के सम्बन्ध में प्रतिमानीकरण का समय अब आ गया है, क्योंकि अब वहां पर नियुक्तियां ठीक ढंग से नहीं हो पा रही हैं। यद्यपि लोग कहते हैं कि इनमें सरकार का वर्चस्व है, परन्तु वास्तविकता यह है कि विभागाध्यक्ष मठाधीश हो गये हैं। वे दूसरी यूनिवर्सिटियों में जाकर वहां के अध्यक्ष के मन के अनुसार काम कर देते हैं और दूसरे लोग इनको यूनिवर्सिटी में आकर इनके मन के अनुसार काम कर देते हैं, परिणाम यह हो रहा है कि यूनिवर्सिटी में जो

[श्री सुधाकर पांडे]

गुणात्मक विकास होना चाहिए वह नहीं हो रहा है और लोगों के चेले-चपाटों की नियुक्तियां हो रही है। यह बडी भयावह स्थिति है। अब समय आ गया है कि हमे इन पर विचार करना चाहिए। पहले अच्छे लोग विश्वविद्यालयों के वाइस-चान्सलर नहीं बनना चाहते थे, लेकिन अब बनना चाहते है और हमे अच्छे लोगों को विश्वविद्यालयों मे वाइस-चान्सलर के रूप मे भेजना चाहिए। पहले मेरी एक-दो लोगों से बात हुई, जब उनसे वाइस-चान्सलर बनने की बात की गई तो कहने लगे —मेरे ऊपर कृपा कीजिये, आप मेरे साथ कौनसी दुश्मनी का बदला निकालना चाहते है। लेकिन अब अच्छे लोग विश्वविद्यालयों मे जाने के लिये तैयार है, इसलिये अच्छे लोगो को वहां भेजना चाहिए और क्या विश्वविद्यालय की नियुक्तियों का केन्द्रीयकरण हो सकता है, इस पर भी विचार करना चाहिए।

आजकल यूनिवर्सिटियों मे जो प्राध्यापक है, उनके लडके प्रथम श्रेणी मे पास होते है। मेरा यह अनुभव है कि जो प्रोफेसर होता है, उसका लड़का प्रथम श्रेणी मे पास होता है, कभी-कभी सर्व-प्रथम भी होता है, रिकार्ड-बीटर भी होता है। यहां पर परीक्षा प्रणाली में सुधार की बात कही जा रही है, यह एक अच्छा कदम है. . .

श्री नाथूराम अहिरवार (टीकमगढ) : इन लोगों की परीक्षा अलग से होती है।

श्री वाई० एस० महाजन (बुलडाना) : ऐसा नहीं हो सकता।

श्री सुधाकर पांडे : लेकिन यदि कोई ऐसा कलंक हमारी शिक्षा प्रणाली पर लगता है, हमारे शिक्षकों पर लगता है—तो यह उचित बात नहीं है। यदि कोई ऐसा निश्चय हो गया हो कि जो हमारे प्रोफेसर होंगे, उनके लड़के प्रथम श्रेणी में ही पास होंगे, ऐसा कोई विधान बन गया है, तब तो मुझे कुछ नहीं कहना है, लेकिन जो छात्र वास्तव में मेहनत करता है, जो पढ़ता-लिखता है, जब उसके साथ ऐसी घटना घटती है तो उसका कलेजा टूट जाता है। क्योंकि जो नियुक्तियां होती हैं उनमें प्रथम श्रेणी को वरीयता दी जाती है, वरीयता दिया जाना स्वाभाविक भी है, तब हमारे विश्वविद्यालयों मे जो इस प्रकार की धांधली चल रही है, उनको कैसे रोकेंगे—यह प्रो० नूरुल हसन साहब ही बतला सकते है, क्योंकि वे स्वयं शिक्षा के क्षेत्र के मगरमच्छ रहे है। कृपा कर वे बतलायें कि इन धांधलियों को वे कैसे रोकेंगे।

अब रही—शिक्षा के माध्यम से समसामयिक संस्कृति के लाने की बात। अभी तक तो संस्कृति की बात नहीं थी, ध्वंस की और विनाश की बात होती थी। शिक्षा के माध्यम से उपयोग इस कार्य के लिये किया जाता था कि हम कैसे मूर्तिभंजन कर सत्तारूढ होंगे। आज आवश्यकता इस बात की आ गई है कि राष्ट्रीयता और अपनी समसामयिक संस्कृति क्या है—इसे भलीभांति स्कूलों और कालिजों के माध्यम से समझा जाय। हमारी संस्कृति बिलगाव की नहीं रही है, विविधता मे एकता दिखाने की संस्कृति रही है किन्तु उस विविधता को एकता में पिरोने वाली कोई न कोई चीज जरूर रही होगी और वह चीज यह रही है कि दूसरो को वही देखना जो हम अपने को देखना चाहते है। इस तरह की समतावादी दृष्टि की स्थापना शिक्षा के माध्यम से होनी चाहिए क्योंकि जो शिक्षा के केन्द्र हैं वे केवल साक्षरता के ही केन्द्र न बनें बल्कि आदमी बनाने के केन्द्र बनें। तभी इस देश का कल्याण हो सकता है और तभी सही अर्थों में शिक्षा की स्थापना हो सकती है।

मैं यह मानता हूं कि हमारी जो पुरानी परिपाटी है उस पर भी हमें सोचना चाहिए क्योंकि जो पुराने अध्यापक होते थे, वे चौबीसों घंटे छात्र को अपने साथ रखते थे और वे

काशी के संस्कृत के बहुत से विद्वानों को जानता हूं जो छात्र का खर्चा भी खुद देते थे। वे उनको पढ़ाते थे, मालिश कराते समय पढ़ाते थे और शिक्षकों के जीवन का प्रभाव उन पर पड़ता था किन्तु आज के शिक्षकों के जीवन का प्रभाव अगर शिक्षार्थियों पर न पड़े, तो अधिक अच्छा होगा क्योंकि आज सिनेमा-संस्कृति अपना घर बना करती चली जा रही है। वहा समबंध-सामासिक सस्कृति की स्थापना होनी चाहिए, भारतीय संस्कृति की स्थापना होनी चाहिए, उस अभेद वाली दृष्टि की स्थापना हो जो मनुष्य मात्र और जीव मात्र मे एकता देखती है। इसके लिए गम्भीरता से सोचने का समय आ गया है और इसके सम्बन्ध मे जो सुझाव हैं उन सुझावों के कार्यान्वयन का समय भी आ गया है।

एक बात मैं अन्त मे कहना चाहता हूं और वह यह है कि भारतीय भाषाओं को जब तक शिक्षा का माध्यम नहीं बनाया जाता, तब तक देश का कल्याण नहीं होगा क्योंकि संसार मे जितना ज्ञान, विज्ञान है और दूसरी चीजें है वे सब जनता की सेवा के लिए है। आज भी विश्वविद्यालयों मे आधिपत्य अंग्रेजी का है क्षेत्रीय भाषाओं का भी नहीं है और हिन्दी का भी नहीं। जब तक क्षेत्रीय भाषाएं विश्वविद्यालयों मे नहीं आयेंगी, तब तक ज्ञान की, विज्ञान की धारा जनता तक नहीं पहुंचेगी और इनका उपयोग कुछ वर्गों के लोग ही करते रहेंगे। इस वर्ग को तोड़ने का काम हमें करना चाहिए और क्षेत्रीय भाषाओं के लिए अधिक से अधिक काम करना चाहिए। आज भी बहुत से लोग यह कहते हैं कि पाठ्य ग्रन्थ नहीं बने इसलिए यथास्थिति बनी रहनी चाहिए। यथास्थिति को तोड़ने के लिए यह आवश्यक है कि मंत्री ने कार्य शुरू करा दिया जाये और धीरे-धीरे वह कार्य आगे बढ़ता जाये।

अन्त में मैं शिक्षा मंत्री जी को बधाई देता हूं कि अब की बार पहले से अधिक रुपया शिक्षा कार्यों पर खर्च कर रहे हैं। विरोधी पक्ष के लोगों की अगर कृपा बनी रही तो दिनोंदिन शिक्षा पर अधिक से अधिक रुपया खर्च होता जायेगा और जो वे चाहते है वह होगा। वे आलोचना करें, इनके लिए उन्हें अधिकार है किन्तु विध्वंसक कार्य न करें। शिक्षा जो भविष्य की निर्मात्री है और भारत के भविष्य की रचना करने वाली शक्ति है, उस शक्ति को चोट चपेट न लगायें, यही मेरा उनसे कहना है।

इस प्रकार के साथ मैं शिक्षा मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं और विश्वास करता हूं कि जो प्रश्न मैंने उठाये है, उन का समाधान मंत्री जी देंगे।

श्री चन्द्र भाल मनी तिवारी (बलरामपुर) : सभापति जी, आज हमारे सामने जो चर्चा चल रही है इसमे यह नहीं कहा जा सकता कि इसकी महत्ता कम है लेकिन आज तक जो कुछ हुआ है वह मैं समझता हूं कि खिलवाड़ हुआ है और एजूकेशन मे जो बढ़ोत्तरी चाहते है वह नाम मात्र की रही है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। सन् 1959 मे नई दिल्ली मे आर्कीटेक्चर के प्लानिंग स्कूल की स्थापना हुई थी। उसको रूरल और अर्बन दोनों एरियाज को डेवलप करना था लेकिन आज वह नाम मात्र के लिये है और दिल्ली और उसके कुछ स्थानों तक सीमित है। साथ ही साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि जो ध्यान नहीं दिया गया है तो इस पर क्या मंत्री जी बतायेंगे कि कोई सीमित समय रखा जाएगा जिसमे इस पर विचार होना और कार्यान्वयन होना आवश्यक समझा जाएगा।

इसके बाद मैं आजकल की जो एजूकेशन है, उस पर ध्यान दिलाना चाहता हूं। आज जो हमारे वकील साहबान शिक्षा के माध्यम

[श्री चन्द्र भल मनी तिवारी]

से अपना प्रोफेशन करते हैं, उसमें जो इन्टर-प्रीटेशन उनका है, जो ला का इन्टरप्रीटेशन है, उसकी सत्यता कहां जा कर रूकती है और उसके क्या नतीजे निकलते हैं । क्या इसमें कोई संशोधन, शिक्षा प्रणाली में कोई संशोधन या कोई उपयोगी चीज लाना चाहते हैं या नहीं । वकील बनाना आवश्यक है लेकिन साथ ही साथ यह भी आवश्यक है कि ऐसी शिक्षा न दी जाये, जिससे किसी भ्रमात्मक रास्ते पर लोग पहुंच जायें । आज देश में जो टीका टिप्पणी हो रही है चाहे हमारे संविधान की हो या हमारे देश की समाज की या जिस रास्ते पर हम जा रहे हैं उसकी हो मैं देखता हू कि इस बात से सभी सहमत हैं कि अदालतें अलग-अलग तरह के फैसले देती हैं, एक अदालत कि चीज के बारे मे एक फैसला देती हैं तो दूसरी अदालत उसको काट देती है । ऐसा क्यों होता है ? इसको खत्म होना चाहिये और प्रणाली मे अगर काई दोष है तो उसको दूर किया जाना चाहिये ।

उत्तर प्रदेश सरकार ने एक आदेश दिया है कि नये स्कूलों तथा नये कालेजों को मानवता दी जाय । सरकार तो नए स्कूल कालेज खोलने में सक्षम नहीं है लेकिन अगर कोई खोलता है दूसरा तो उसको मान्यता भी नहीं देती हैं । यह चीज उस एरिया के लिये जहां पर स्कूल कालेज नहीं है एक दुर्भाग्य की बात हैं । प्रोइवट इंस्टीट्यूशन अगर वहां जाती है खोलने के लिये तो क्यों उसको मान्यता न दी जाये इस पर आपको दुबारा सोचना चाहिये और मैं आशा करता हूं कि इस पर आप प्रकाश डालें ।

कालेजों में कहीं-कहीं अंधेर हैं । मैनेजमेंट कमेटी मनमानी करती हैं । चांसलर्स और वाइस चांसलर्स को भी कुछ विशेष अधिकार प्राप्त हैं । मैनेजमेंट कमेटी किसी टीचर या प्रोफेसर के काम में दखल देना चाहती है तो मनमाने ढंग से वाइस चांसलर के पास उस जोज को भेज कर ऐप्रूव करा लेती है । वाइस चांसलर किसी वजह से मैनेजमेंट कमेटी से प्रभावित हो तो उसका काम बन जाता है और रूल्ज एंड रैग्युलेशन का कोई लिहाज नहीं रखा जाता है । चांसलर भी आंख मूंद कर काम करते हैं । अवध यूनिवर्सिटी जो उत्तर प्रदेश की है फैजाबाद में वहां पर हमारे बलरामपुर के एक प्रिंसिपल के खिलाफ वाइस चांसलर ने कुछ मूवमेंट चला दी । इसका नतीजा यह हुआ कि जिनकी कोई गलती नहीं थी उनको ससपेंड करवा दिया गया । चांसलर महोदय भी उस पर मौन हैं । मैं मंत्री जी का ध्यान उस ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इन तरह की मैनेजमेंट कमेटीज को भंग किया जाना चाहिये । इनके इस तरह के कार्य कलापों से जो सही रास्ते पर चलने वाले लोग होते हैं उनको अनावश्यक रूप से कष्ट सहना पड़ता है ।

खेलकूद के सम्बन्ध में भी मैं कुछ निवेदन करना चाहता हू । इसमें बहुत भाई भतीजा-वाद चलता है । इसका नतीजा यह होता है कि देश तथा विदेश में हमारी टीमे जो खेलने के लिये जाती हैं वे खेल का स्तर इतना ऊंचा नहीं कर पाती है जिससे भारत का नाम रोशन हो, भारत का सिर ऊंचा हो । यह भाई भतीजावाद दूर होना चाहिये ।

लड़कियों की शिक्षा के बारे में भी मैं कुछ निवेदन करना चाहूंगा । इनकी शिक्षा बहुत कम खर्च में हो जाती है । लड़के तो कुछ शरारतपूर्ण काम भी करते हैं लेकिन कन्यायें ऐसे काम नहीं करती हैं । ये बड़े शान्त स्वभाव की होती है और शान्त वातावरण

बरण में रह कर ही काम करती हैं। लड़कों के स्कूल तो हैं लेकिन लड़कियों के स्कूल तथा कालेज कम हैं। गर्ल्ज की संख्या हमारे देश में पचास प्रतिशत है। चूंकि इनके लिये स्कूलों तथा कालेजों की संख्या कम है इस वास्ते ये शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाती हैं। मेरी प्रार्थना है कि लड़कों के स्कूल तथा कालेजों के समान ही लड़कियों के स्कूल और कालेज भी आप खोलें।

ट्रेनिंग कालेजों के बारे में भी मैं कुछ अर्ज करना चाहता हूं। वहां एक चीज देखी जा रही है। ट्रेनिंग कालेजों मे नम्बर शिक्षा, योग्यता आदि का ध्यान रखे बिना ही कभी कभी दे दिये जाते हैं। उस ओर ध्यान न दे कर लग लगाव को ध्यान में रख कर उनको नम्बर दे दिये जाते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि सुधार के बजाय नाश ही अधिक होता है। वहा पर यह सबसे बडी कमी है। हमारे ट्रेनिंग कालिजेस में इसकी भरमार है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि इस पर अपना ध्यान दें।

हमारे कालेजेस में यूनियन्स की स्थापना हुई, लेकिन क्या यह सच नहीं है कि यूनियन बाजी से हमारे देश की सभी ऐजूकेशन्स सस्थायें नष्ट-भ्रष्ट हुई ? । आज इस बात के लिये मंत्री महोदय को बड़े विश्वास के साथ कहना चाहिये कि भविष्य में यूनियनें नहीं बनेंगी। अगर ऐजूकेशन को बढ़ावा देना है तो इसकी तरफ जरूर ध्यान देना चाहिये।

शिक्षा प्रणाली हमारे देश में क्या नौकरी के लिये बनी है ? जो कोई भी स्कूल या कालेज से शिक्षा प्राप्त करने के बाद निकलता है, वह नौकरी की तलाश करता है। लेकिन सरकार के पास इतनी नौकरी नहीं है। ऐसी पद्धति क्यों नहीं लागू की जाती है जिसमें नौकरियों की तलाश करनी पड़े ? मंत्री महोदय कहेंगे कि वह कौनसी पद्धति है ? मैं साफ तौर पर अर्ज करना चाहता हूं कि घरेलू उद्योगों की तरफ ध्यान देना चाहिये। आप जापान और जर्मनी को देख लीजिये, ये दो कन्ट्री ऐसे हैं जहां घरेलू उद्योग प्रारम्भ से ही बताये जाते हैं। उसमें बच्चे ट्रेनिंग लेते हैं और अपने को इस योग्य बना लेते हैं कि वे सरकार पर डिपेंड नही करते।

मंत्री महोदय कालेज के तमाम अनुभवो को जानते है। आपने 2 साल पहले अलीगढ़ यूनिवर्सिटी का बिल पेश किया था, लेकिन उसका नतीजा यह रहा कि देश में काफी उलझनें खड़ी हो गयी। अगर आज हिन्दू यूनिवर्सिटी के खिलाफ कोई बिल लाना चाहेंगे तो भी उलझनें खड़ी हो सकती हैं। मैं कहना चाहता हूं कि एक सा कानून देश में बनायें, चाहे वह हिन्दू यूनिवर्सिटी के लिये हो या मुस्लिम यूनिवर्सिटी के लिये हो। समान नियमों में हमारे देश के स्कूल, कालेजेस और यूनिवर्सिटीज चलें।

इस देश में अगर शिक्षा प्रसार करना है तो यह आवश्यक है कि जितने हमारे स्कूल, और कालेज हैं, जब उनका पेमेंट और तनख्वाहें सरकार देती है तो यह क्या जरूरी है कि उनका मैनेजमेंट दूसरों के हाथों से रहे ? सरकार को मैनेजमेंट अपने हाथों में लेना चाहिये।

इस प्रकार से मैं इस मंत्रालय की मांग्स का अनुमोदन करता हूं।

श्री जगन्नाथ मिश्र (मधुबनी) : सभापति महोदय, लोग समझें या न समझें, लेकिन वह कहने में हिचक नहीं रखते कि शिक्षा समाज को रीढ़ है। लेकिन यह रीढ़ कैसे कायम रह सकती है, इस पर बहुत थोड़े

[श्री जगन्नाथ मिश्र]

लोग विचार करते हैं, बल्कि मैं यह कहता हूं कि जिन पर इनका दायित्व है, वह भी बहुत कम माथा इस पर लगाते है। उसका नतीजा स्पष्ट है।

हमने देखा है कि चन्द महीने पहले देश में जो अराजकता का वातावरण छा गया था, उसके पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में भी वैसा ही वातावरण आ गया था। स्कूल, कालेज, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय कहीं भी देखिये उन संस्थाओं को शिक्षा से कोई ताल्लुक नहीं रह गया था बल्कि राजनीति से ही उनका सम्बन्ध हो गया था। एक यूनियन का चुनाव हो तो करोड़ों और लाखों रुपया उस पर खर्च होता था। एक कहावत है कि एक तो करेला दूसरा नीम-चढ़ा। हमारे देश में पहले से ही एक दूषित वातावरण बना हुआ था, लेकिन इस बीच में विरोधी पक्ष के लोगों ने ऐसा रवैया अख्तियार किया, और जिस तरह का वातावरण बनाया, उससे हमारे छात्रवर्ग में उच्छृंखलता और अनुशासनहीनता इतनी बढ़ गई कि हम हताश हो गये, और यह सोचने लगे कि जिस देश के नौजवान राष्ट्रीय से अराष्ट्रीय हो जायें, और जिस कर्त्तव्य के निमित्त वे शिक्षा संस्थाओं में आये हैं, उसको भूलकर दूसरा कोई धंधा अख्तियार कर लें, उस देश को भगवान ही बचाये।

लेकिन मैं प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी को धन्यवाद देने से नहीं थकता हूं कि उन्होंने ऐन मौके पर देश की स्थिति को समझा, उन्होंने देश में आपात स्थिति को लागू किया और 20-सूत्री आर्थिक कार्यक्रम को देश के समक्ष रखा। शिक्षा जगत पर इसका बहुत सुन्दर असर पड़ा। आज आप कहीं भी स्कूल, विद्यालय, कालेज, या यूनिवर्सिटी में जायें, तो आपको एक सुखद परिवर्तन दिखाई देगा, और आप यह सोचने पर विवश होंगे कि कुछ समय पहले हमारे देश में क्या हो गया था, क्या लोगों ने भांग खा ली थी, उनकी मनोवृत्ति ऐसी क्यों हो गई थी, और छः महीने के बाद अब यह परिवर्तन कैसे हो गया है। जहां पहले की स्थिति के बारे में कहते हुए मुझे खेद और दुख होता था, वहां वर्तमान स्थिति का वर्णन करते हुये मुझे तसल्ली और सन्तोष हो रहा है। मैं इस बात पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करना चाहता हूं कि शिक्षा जगत में हमको बहुत सफलता मिली है और हम और आगे बढ़ने के लिये तत्पर है।

इसलिये मैं मंत्री महोदय, जो बहुत मर्मज्ञ विद्वान है, उनके मंत्रालय और अन्य विद्या-विज्ञों से निवेदन करूंगा कि वह इस विषय पर गम्भीर चिन्तन करें और देश के सामने एक ऐसा सिलेबस, करीकलम और कार्यक्रम पेश करें, जिससे अध्यापक सहमत हों, और हमारे देश के बच्चों को उसके आधार पर ढालने की कोशिश करें।

श्री मूल चन्द डागा : एजूकेशन एक स्टेट सबजेक्ट है।

श्री जगन्नाथ मिश्र : अगर माननीय सदस्य भी इन बातों को नहीं समझते रहे हैं, तो हमारे छात्र कैसे समझ पायेंगे ? हमारे मंत्री महोदय बार-बार नेशनल पालिसी आन ऐजूकेशन की बात कहते रहे हैं। मैं उसी के परिप्रेक्ष्य, कनटेक्स्ट, में बात कर रहा हूं। इसीलिये मैंने कहा कि हम उदासी और परेशानी की भावना को छोड़कर एक ऐसा कार्यक्रम देश के सामने रखें, जिसको हमारी शिक्षा संस्थायें, अध्यापक और छात्र स्वीकार करें, और हमारे बच्चों की तरक्की हो। हमारे बच्चे भविष्य के मालिक हैं-देश का भविष्य उनके साथ जुड़ा हुआ है। अगर उनकी तरक्की होगी, तो देश अग्रगामी हर क्षेत्र में तरक्की करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

इस पृष्ठभूमि में मैं यह कहना चाहता हूं कि बहुत सी जानकारियां हम लोगों को अभी भी नहीं हैं। हम लोग कुछ रूढ़िवादी हैं और रूढ़िग्रस्त मार्गों पर ही चलना पसन्द करते हैं। अगर कोई विदेश से पढ़ कर, वहां से कोई डिग्री या डिप्लोमा लेकिन, न आये, तो लोग समझते हैं—और वह स्वयं भी यह समझता है—कि वह कोई परिपक्व विज्ञान नहीं है और उसने कोई ज्ञान प्राप्त नहीं किया है। यह मिथ्या और बिल्कुल गलत धारणा है। हमारे यहां पढ़ने-पढ़ाने और सोचने-विचारने का काफी स्कोप है। इस प्रसंग में मैं संस्कृत का हवाला दूंगा। अगर आप संस्कृति के पुराने ग्रन्थों को पढ़ें तो आपको यह जानकर हैरत होगी कि आज जिस विज्ञान की उन्नति और उत्कर्ष की चर्चा करके हम प्रसन्न होते हैं और कभी-कभी आश्चर्य-चकित भी होते हैं कि विदेश के लोगों ने ऐसी उन्नति कर ली है, हमारे इन ग्रन्थों में वे सारी बातें भरी पड़ी हैं। उन बातों को आप हमारे इन ग्रन्थों में पढ़ेंगे तो आप स्वयं सोचेंगे कि हम कहां बाहर घूम रहे थे, सारा ज्ञान-विज्ञान तो हमारे घर में है। मेरा निवेदन है कि अगर संस्कृत के ग्रन्थों का पठन पाठन हो तो हम विज्ञान की बहुत सारी बातें घर बैठे समझ लेंगे और सीख लेंगे जिससे देश को बहुत लाभ होगा।

अभी तिवारी जी ने शिक्षा के बारे में कहा कि हम ऐसी शिक्षा पाते हैं कि नौकरी के लिए चक्कर काटते हैं। उनका कहना बिल्कुल ठीक है। आजकल हमारी शिक्षा का लक्ष्य ही यही है कि हम पढ़ते हैं नौकरी के लिये। यह बिल्कुल गलत चीज है। हम लोगों के मन से कैसे इसको दूर करें यह एक समस्या है और शिक्षा मंत्री महोदय के लिए तो यह एक जबर्दस्त समस्या है ही। मैं अपने विचार से कहूंगा कि हमारी शिक्षा पर खूब चिन्तन हो और हम शिक्षा को एक ऐसा रूप दें, एक ऐसा ढर्रा दें, ऐसे सिलेबस और करीक्यूलम हम तैयार करें जिससे लोग पढ़ कर नौकरी ही न करना चाहें बल्कि जीवन में और भी बहुत से क्षेत्र हैं, और भी बहुत से मौके हैं, और भी बहुत से विभाग है जिनमें वे काम कर सकें जिसको हम अंग्रेजी में कहते हैं जाब ओरिएंटेड एजूकेशन। अगर हम पढ़ कर खेती करते हैं या व्यवसाय करते हैं या और कोई काम करते हैं तो यह मानी हुई बात है कि बगैर पढ़े लिखे लोग जो काम करते हैं उसमें हमारा काम अच्छा अवश्य होगा। लेकिन यह है विश्वास करने की बात। इसमें हम कहां तक विश्वास करते हैं? अगर हम किसी से यह कहने जाय तो वह कहेगा कि उसने तो पढ़ कर यह स्थान प्राप्त कर लिया और मुझे खेत पर जाने के लिए कहते हो। लेकिन इसको भी मैं रूढ़िवादी विचार कहता हूं और इसमें भी हमें परिवर्तन लाना है। यह हम सब के लिए एक चुनौती है जिसका हमें सामना करना है। अपने नौजवानों को हर काम के लिए मुस्तैद करना है। गांधी जी ने कहा था कि हमें काम को प्रधानता देनी है। हम किसी काम को छोटा न समझें। हर काम का अपना महत्व होता है, हमें यह सीखना और जानना है और अगर यह जानकर हम विद्या अर्जित करेंगे तो अवश्य उससे लाभान्वित होंगे और नौकरी के चक्कर में दफ्तर-दफ्तर मारे-मारे नहीं फिरेंगे।

मैं एक और विषय की ओर मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। जब तब मैं अखबार में देखता हूं कि हमारे देश की जो बेशकीमती मूर्तियां हैं वे चोरी हो जाया करती हैं और जब वह चोरी हो जाती हैं तब हम आकाश पाताल एक करने लगते हैं।

[श्री जगन्नाथ मिश्र]

मैं आप से जानना चाहता हू कि आपने कोई ऐसा सर्वे किया है कि इस तरह की मूर्तियां देश मे कहां-कहां हैं और उनकी रक्षा की क्या व्यवस्था आप ने की है ताकि आगे से यह चोरी की घटनाएं न हो।

दूसरा मेरा निवेदन है, मेरे अपने विचार से सेकेंड्री स्टेज तक की जो शिक्षा है उस शिक्षा को बिल्कुल फ्री कर देना चाहिए क्योंकि आज लाख शिक्षा की प्रणाली न परिवर्तन हुए समाज मे जो गरीबी है और हर तरह के लोग हैं उनकी आय एक दिन मे या एक रात में तो नही बदल रहे हैं। इसलिए मेरा सुझाव है कि मैट्रिक तक शिक्षा निःशुल्क और अनिवार्य कर दी जाय। ऐसा मेरा विचार है और इसके लिए मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूगा।

जहां तक भाषा का सबध है पं.डे जी ने कहा और ठीक ही कहा कि अभी भी हम पुरानी लकीर के फकीर बने हुए है। हम सोचते हैं कि बिना अंग्रेजी के हमारा काम नहीं चलेगा। लेकिन अगर हम देश के बाहर पाव रखें तो खुद अपने ज्ञान पर शर्मिंदा हुए बिना नही रहेंगे जब हम यह जानेंगे कि मुट्ठी भर लोग भी अंग्रेजी नही जानते है। और फिर भी हमारे सिर पर यह लदी हुई है। हम यह क्यों नहीं कबूल करते हैं कि अंग्रेजी हमारे लिए जरूरी नही है। हम बिना अंग्रेजी के भी काम चला सकते है। जब हम रूस जाते है तो क्या रशियन भाषा की आवश्यकता नही पड़ती है, जर्मनी जाते हैं तो जर्मन की आवश्यकता नही पड़ती है या और देशो मे जाते हैं तो और देशों की भाषा की आवश्यकता नही पड़ती है? तो इसमें क्या हर्ज है कि हम अपनी ही भाषा पढ़ें—क्षेत्रीय भाषा और राष्ट्रीय भाषा? उसको हम दिल से, हृदय से प्रश्रय दें और उसका हम प्रसार करें। जहां तक अंग्रेजी पढ़ने की बात है उससे मुझे कोई झगड़ा नहीं है। लोग जर्मन भी पढ़ते हैं, रशियन भी पढ़ते हैं, उसी तरह अंग्रेजी भी पढ़ सकते हैं। वह तो अपने-अपने विचार की बात है। जिसको जो भाषा जचे उसको वह पढ़े। लेकिन अपने देश मे शिक्षा का माध्यम हमारी अपनी भाषा ही हो यह हमारे लिए श्रेयकर होगा और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा का कारण होगा। जब हम बाहर जाते हैं, बाहर के लोगों से बात करते हैं और यहा हम कहते हैं अंग्रेजी तो अंग्रेजी शब्द सुन कर ही उन्हें हम से घृणा हो जाती है। वे कहते हैं, मुझे ऐसा मौका मिला है जब कि बाहर के लोगों ने कहा है कि क्या तुम्हारे यहां कोई भाषा नही है जो तुम अभी तक अंग्रेजी ही लादे हुए हो। आप तो श्रीमन्, कई बार बाहर गये होंगे और शायद आपका भी अनुभव यही होगा। पढ़ लिख कर लोग बहुत सी भाषाएं सीख सकते हैं। गांधी जी जब कार्य क्षेत्र में उतरे तो उन्होंने बहुत सारी भाषाएं सीख ली। इसी तरह जो जितना भी उत्साही होगा, विद्या में जिसकी अभिरुचि होगी वह एक नही अनेक भाषाएं सीख सकता है। वह एक अच्छी बात होगी। लेकिन जहां तक कोर्स की बात है, स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालयो की बात है वहां पर हम लोग रीजनल भाषा और राष्ट्रीय भाषा से मुख न मोड़ें। यह हमारा मंत्री महोदय से आग्रह है कि इस पर वह विशेष ध्यान दें।

विद्या प्रचार के लिए स्कूल कालेज ही काफी नही हैं। आजकल लोग मंदिर मस्जिद को प्रतिष्ठा देते हैं, मैं कहता हूं, आज के जमाने में मंदिर मस्जिद से भी बढ़कर वाचनालय हैं। हम चाहते हैं हर ग्राम स्तर पर कम से कम एक लाइब्रेरी की व्यवस्था हो ताकि वहां पर लोग अपना काम करने के बाद, सुबह या शाम जब भी फुर्सत हो, जायें और वहां पर धर्म ग्रंथ, सामाजिक ग्रंथ या आर्थिक ग्रंथ जिसमें भी उनकी अभिरुचि हो उसको पढ़ें। सरकार इस सम्बन्ध में उनकी मदद करे और वहां ठीक प्रकार से उसका संचालन हो तो इससे बड़ा फायदा हो सकता है।

श्रीमन्, मैं अपने क्षेत्र की बात कहना चाहता हूं—मेरे यहां बलिराज गढ़ है। बलिराज बड़े दानी थे। उन का स्थान हमारे यहां है। लोगों ने अपनी ओर से उस स्थान की खुदाई की है और बहुत सारी चीजों को वहां से निकाला है। लेकिन सरकार की ओर से कोई मदद नहीं हो रही है। मैं बड़े विनम्र शब्दों में आतुर हो कर मंत्री जी से कहता हूं कि अपने एक्सपर्टस को वहां भेजें और देखें कि वहां पर क्या मदद हो सकती है और इस के सम्बन्ध में कोई निर्णय लें। यदि इस की जानकारी मुझे मंत्री जी दे सकेंगे तो बड़ी कृपा होगी।

मिथिला यूनीवर्सिटी के बारे में बराबर ग्रान्ट के लिये हम मंत्री महोदय को तंग किया करते थे। आज मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि मिथिला यूनीवर्सिटी के कब्जे में 300 एकड़ से अधिक भूमि आ गई है। राजा दरभंगा ने देने की कृपा की है। श्रीमन्, मैं आप को भी इन्वाइट करता हूं—आप साथ चलें, तो मैं आप को दिखाऊंगा कि उस यूनीवर्सिटी की कैसी अट्टालिकाएं हैं, कैसे भवन हैं। जो संस्था जन्म लेते ही इतनी सम्पन्न हो जाय, वह आप की कृपा से वंचित रहे यह कोई अच्छी बात नहीं है। आप उसे सैन्ट्रल यूनीवर्सिटी बना दें तो बहुत अच्छा होगा।

मैंने जैसा पहले कहा था कि बाद में निवेदन करूंगा—तो मैं कहना चाहता हूं कि हमारे नौजवान मित्र किस प्रकार से हमारे हाथ से और हमारे काबू से बाहर हो गये थे, लेकिन जब बीस सूत्री कार्यक्रम हमारे सामने आया तो वे भी उस में सम्मिलित हो गये। उन में सामर्थ्य है, केवल उन को रास्ते पर लाने की बात होती है। जब आप उन को बिगाड़ना चाहेंगे तो वे बिगड़ जायेंगे, बीस सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से अब हमने उन को सुधारना चाहा तो वे सुधर गये हैं। वे अब दावा करते है कि सब से आगे है। आज हमारे स्कूल, कालिज और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले लड़के पढ़ने के अलावा गांव में जायेंगे और गाव के लोगों के कामों में हिस्सा बटायेंगे। गाव की सफाई, सड़कों का निर्माण, वृक्षारोपण—इन सभी कामों मे वे लग गये हैं। इन कार्यों में वे इतने व्यस्त हो गये हैं कि और कुछ सोचने की फुरसत ही नही होती। यूनीवर्सिटी की ओर से इस बात का बहुत प्रयास किया हैं कि लड़कों को ऐसे कार्यों में इन्वाल्व किया जाय। इस के लिये नेशनल सर्विस स्कीम है, नेहरू युवक केन्द्र हैं—उन दोनों संस्थाओं मे यह काम बहुत व्यापक रूप से हो रहा है।

दूरदर्शन के माध्यम से देश के 2400 गांव में शिक्षा मंत्रालय के डायरैक्शन में उपग्रह द्वारा लोगों को शिक्षा देने का कार्यक्रम चल रहा है। बच्चों के लिये खास कर सुबह 90 मिनट का कार्यक्रम होता है। चार भाषाओं में उस कार्यक्रम को सिखाया जाता है जो बीस-बीस मिनट के होते हैं। लेकिन इस सम्बन्ध में मेरी एक आशंका —यह उपयोगी कार्यक्रम आप के और अमरीका के कोलाबारेशन से चल रहा है। इस की समाप्ति के चार महीने बाकी रह गये है। मेरी जानकारी है और आप भी जानते होंगे कि इस करार को दोबारा स्वीकृति नही मिल रही है। ऐसी हालत में 40 प्रतिशत गांवों को इस कार्यक्रम से वंचित कर देना होगा। इस लिये मेरा निवेदन है कि ऐसी व्यवस्था की जाय जिस से कोई भी गांव इस कार्यक्रम से वंचित न हो। लेकिन साथ ही उत्साह का यह भी कारण है कि ऐसा निर्णय लिया गया है कि 6 नये केन्द्र खोले जायेंगे और उन से 84 गांवों में दूरदर्शन के द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था की जायगी। यह बहुत अच्छी

[श्री जगन्नाथ मिश्र]

बात है—वह भी न घटे और यह काम भी होजाय, इस से विद्यार्थियों का बहुत फायदा होगा।

शिक्षा मंत्रालय ने एक सब-कमेटी की नियुक्ति की है कि हम कैसे सुन्दर सिलेबस और केरिकुलब बना सकते हैं, जिस में और केरिकुलम बना सकते हैं जिसमें बच्चों का इन्वाल्वमेन्ट भी हो उस कमेटी ने बहुत अच्छे सुझाव दिये हैं—जैसे पर्सनल हैल्थ, बेदिंग, केअर-आफ-टीथ, केअर आफ-ईयर्ज एण्ड नोज, केअर-आफ-आईज, केअर-आफर-हेअर, करेक्ट ईटिंग हैबिट्स, एक्सर-साइजेज फार गुड हेल्थ, इत्यादि बातों की उस कमेटी ने अनुशंसा की है और कहा है कि बच्चों को इन चीजों की शिक्षा दी जानी चाहिये। सोशल हैल्थ के लिये भी उस कमेटी ने कहा है—कीपिंग सर उण्डिग्ज क्लिअर, फर्स्ट-एड, फैमिलियेरिटीज-विद-सराउण्डिग्ज - एट-स्कूल - एड-एट - होम,—इन बातों की शिक्षा बच्चों को दी जानी चाहिए इसी तरह से हर विषय के लिये जैसे साइन्स, बोटनी, जलोजी, आदि के लिये उन्होंने बहुत सुन्दर रिकमेण्डेशन्ज की है। अगर उन के आधार पर बच्चों को शिक्षा दी जाय, तो मैं समझता हूं कि हम लोग आज तक शिक्षा के सम्बन्ध मे जितना रोना रो रहे थे, उतने ही अब हम प्रसन्न हो जायेंगे। लेकिन इस में क्या प्रगति हुई है—ऐसा लगता है कि अभी तक शिक्षा मंत्रालय के पास इस के बारे में रिपोर्ट नहीं आई है। लेकिन जो रिपोर्ट अभी तक आई है उस से ऐसा पता लगता है कि स्कूलों और कालिजों में छात्रों की उपस्थिति में बृद्धि हुई है। छात्रों ने बीस सूत्री कार्यक्रम को अपना लिया है। अभी तक ये कार्यक्रम 6 से 11 वर्ष तक के बच्चों के लिये थे, लेकिन अब उस से भी ऊपर की उम्र के बच्चों के लिये हितकर होंगे— ऐसी जानकारी अभी तक आप के मंत्रालय में प्राप्त हुई है।

शिक्षा प्रणाली को जीवन, राष्ट्र और उस की आशांक्षाओं से घनिष्ट सम्बन्ध स्थापित करना चाहिये। एजूकेशन कमीशन ने इस की बहुत अनुशंसा की है . . .

सभापति महोदय : आप किस को कोट कर रहे है ?

श्री जगन्नाथ मिश्र : अपने विचार व्यक्त कर रहा हूं, आप से निवदन कर रहा हूं।

16.58 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

मैं निवेदन कर रहा था कि एजूकेशन कमीशन ने अनुशंसा की है कि इकानामिक और कल्चरल प्रगति होनी चाहिये। सरकार की नैशनल पालिसी आफ एजूकेशन बननी चाहिये। इसके साथ ही बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयत्न किया जाना चाहिये। शिक्षा और समाज मे सम्बन्ध स्थापित होना चाहिये। राष्ट्र निर्माण का काम शिक्षा का एक आवश्यक अंग होना चाहिये। शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति को चरित्रवान बनाये और विकास की प्रेरणा दे—इस प्रकार की शिक्षा होनी चाहिये। स्कूल स्तर तक विज्ञान और गणित की अनिवार्य पढ़ाई हो। उद्योगों से टैकनीकल एजूकेशन और रिसर्च का परस्परिक सम्बन्ध हो—इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिये।

जहां तक वोकेशनल एजूकेशन का सम्बन्ध है—हमारे 10+2+3 फार्मूले में वोकेशनल एजूकेशन का स्थान है : अगर वास्तविक ढंग से उस की शिक्षा दी जाय तो आज जितनी हाय-तोबा नौकरी के लिये मच रही है, हर जगह नौ-वकेन्सी का बोर्ड दिखाई देता है, वह बदल कर हर जगह वान्टेड-वान्टेड लिखा रहेगा—ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है। 10 वीं कक्षा तक गणित की पढ़ाई आवश्यक है। विज्ञान के पढ़ने से वातावरण और अनुभव में बृद्धि

होती है । भाषा तथा संस्कृति के अध्ययन से हमारे बच्चों का ज्ञान बढ़ सकता है—मेरा अनुरोध है सरकार को इन सब बातों की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिये ।

अन्त में, श्रीमन्, मुझे एक निवेदन करना है—आज देश के अन्दर एक बहुत बड़ा परिवर्तन आया है, हम लोगों की सभी आकांक्षायें तभी पूरी हो सकती हैं जब आप शिक्षा के विषय को अपने हाथ में ले लें । श्रीमन्, यह मेरा अन्तिम अनुरोध मंत्री महोदय से है । आप ने मुझे समय दिया, इस के लिये आप का बहुत धन्यवाद ।

17 hrs.

SHRI B. R. SHUKLA (Bahraich): Mr. Deputy-speaker, Sir, I rise to support the Demands for Grants relating to the Ministry of Education.

Sir, Compulsory, Free and Universal Education for children upto the age of 14 years is a Constitutional Directive. But so far, we have failed in the matter of implementing this directive because of reasons of lack of resources and because Education, below University stage, is a State subject.

While certain dialogues regarding the desirability and the necessity of changes in the Constitution are going on my submission is, Education should be made a subject to be included in the Concurrent List.

In the Publication regarding Performance Budget which has been circulated by the Ministry of Education, it has been stated that the Central Government has allocated Rs. 1 lakh per district for the spread of education in each of these districts.

It is also mentioned in the same report that many of these States have implemented the recommendations and that some States (like U.P., Rajasthan and Assam) have started the programme on a massive scale. I doubt the authenticity of this statement contained in this report. As far as I know, in U.P. such a scheme has not been introduced.

Sir, I belong to a district which is situated on the Nepal border. It has the misfortune of having the lowest percentage of literacy. But, it is a matter of regret that neither the Central Government nor the State Government has done anything so far in the matter of increasing the percentage of literacy there. No doubt, the limitations of the Central Ministry of Education are very great. But, all the same, I would request the Minister to see to it whether the current allocation of Rs. 1 lakh made for the spread of literacy in each of the districts throughout the country has been implemented in the district of Bahraich.

Sir, so far as the reforms in the examination system is concerned, I was informed that a Committee was appointed to go into the question. It is also said that the Committee has submitted its report and that the UGC has sent that report for implementation by the States. Now, Sir, it is a matter of regret that the recommendations of that committee have not been circulated to the hon. Members of this House. At least I may say that I am not in possession of such a report. It is learnt that that Committee has recommended certain reforms in examination system. I would venture to suggest, without having the advantage of going through the report and the recommendations of this Committee, some points regarding reforms in the system of Education.

Sir, the Education Ministry has had a very comfortable academic year, thanks to the proclamation of emergency.

[Shri B. R. Shukla]

There is complete peace and tranquality in the campus. The examinations are being held according to schedule. There is no violence in the campus. But still, it is a standing blot in our educational system that the examinations are conducted under the surveillance of the police force as if criminals are collected there for some nefarious purposes and the police help is therefore, sought. (*Interruptions*) That is the position even now because irresponsible elements have not stopped their activities in the campus! Therefore, the situation needs vigilance for some time more

In order to avoid the menace of mass-copying, I think that in the examination halls, the examinees should be allowed to bring in as many books as possible and as they like and the examiners and the setters should frame the question papers in such a manner that even with the consultation and perusal of books which the examinees carry with them in the examination, they will not be able to pass the examination unless they have utilised their time in studying properly during the academic session. Even in Munsif's examinations the text-books are allowed by the public Service Commission. Therefore, an objective test should be devised in a manner so as to eliminate the chances of copying. So, consultations should be allowed. Another thing that I want to stress on is this.

SHRI B. V. NAIK (Kanara): Why not legalise the mass-copying if you mean that?

SHRI B. R. SHUKLA: That will come to the same thing. That will not be of any advantage to the examinee unless he has properly studied the course. Every student upto Class X should be trained to recite the national songs like.

वन्दे मातरम्

जन गण मन

सारे जहां स अच्छा हिन्दुस्तां हमार।

And there should be some marks prescribed for the proper and accurate recital of these songs. These are very minor things. But these should be included as part of the curriculum.

